विश्व जूनोसिस दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान का आयोजन

महामहिम कुलाधिपतिजी की प्रेरणा फलस्वरूप तथा कुलपति डॉक्टर सीता प्रसाद तिवारी जी के कुशल निर्देशन में **विश्व जूनोसिस दिवस** के अवसर पर दिनांक 06.07.2023 गुरुवार को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय, जबलपुर के पशु चिकित्सा विज्ञान एवं महामारी विज्ञान विभाग द्वारा पंडित लज्जा शंकर झा गवर्नमेंट मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल जबलपुर के बच्चों को पशुओं एवं मनुष्यों के बीच फैलने वाली ज़ूनोटिक बीमारियों जैसे की रेबीज, ब्रूसीलोसिस इन्हें कैसे रोका जाए इस विषय पर जानकारी दी गई। तथा पशुधन से प्राप्त उत्पादों का दैनिक आहार में महत्व, मानव शरीर को मिलने वाले तत्वों एवं उनके द्वारा फैलने वाली ज़ूनोसिस बीमारियों से भी बच्चों को अवगत कराया गया, कार्यक्रम के आयोजन में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा एवं वैज्ञानिकों डॉ. रणविजय सिंह, डॉ. भावना गुप्ता, डॉ. रूचि सिंह, डॉ. शिवानी मुड़ोतिया डॉ. बृजमोहन धाकड़ की सक्रिय सहभागिता रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर